

# दक्षिण अफ्रीका को 288 रन की बढ़त

## भारतीय बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप, सुंदर-कुलदीप की साझेदारी रही नाकाफी

19.5 ओवर
48 रन
6 विकेट



मार्को यानसन का कमाल

**गुवाहाटी, 24 नवंबर दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। मार्को यानसन ( छह विकेट ) और साइमन हार्मर ( तीन विकेट ) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय टीम सोमवार को भोजनकाल के बाद 21 रनों के +कुल स्कोर पर सिमट गई, जिससे मेहमान टीम ने मैच में 288 रनों की विशाल बढ़त बना ली।**

पहली पारी में इतने बड़े अंतर के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी खेलने का निर्णय लिया, जो इस बात का संकेत है कि पिच आगे चलकर बल्लेबाजों के लिए और मुश्किल साबित हो सकती है। दिन की शुरुआत भारतीय उम्मीदों के साथ हुई थी जब टीम भारत ने कल के नौ रन से आगे खेलना शुरू किया और ओपनर यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल ने शानदार तकनीक और समझदारी दिखाते हुए पहले विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी की। जायसवाल ने अपने 85 गेंदों के धैर्यपूर्ण खेल में छह चौके और एक छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया, जबकि राहुल ने 63 गेंदों पर 22 रन बनाकर उनके साथ साझेदारी निभाई। 22वें ओवर में केशव महाराज ने राहुल को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद मानो विकेटों की बरसात शुरू हो गई। 33वें ओवर में हार्मर ने जायसवाल को मार्को यानसन के हाथों कैच कराकर भारत की मजबूत शुरुआत को तोड़ा। जल्द ही साई सुदर्शन (15) और ध्रुव जुरेल (शून्य) भी पवेलियन लौट गए। कप्तान ऋषभ पंत, जो आक्रामक अंदाज में खेलने के लिए जाने जाते हैं, क्रीज पर आते ही जवाबी हमला करने लगे। उन्होंने आते ही हार्मर को सीधा छक्का जड़ा और रन गति बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह रणनीति टिक नहीं सकी और वह सिर्फ सात रन बनाकर यानसन की गेंद पर आउट हो गए। दूसरी ओर रवींद्र जडेजा (छह) और नीतीश कुमार रेड्डी (10) भी संघर्ष करते नजर आए। जब भारत का स्कोर 102/4 से गिरकर 174/7 हो गया था, तब भारतीय पारी पूरी तरह ढहती हुई नजर आ रही थी। उसी समय वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने आठवें विकेट के लिए 72 रनों की मूल्यवान साझेदारी की। सुंदर ने 48 रन बनाए, जबकि कुलदीप यादव ने जुझारू 19 रन जोड़े। भोजनकाल के बाद मार्को यानसन ने पहले कुलदीप यादव को आउट किया और फिर जसप्रीत बुमराह (पांच) को कैच आउट कर भारतीय पारी का अंत कर दिया। इसके साथ ही यानसन ने 19.5 ओवर में सिर्फ 48 रन देकर छह विकेट झटके।

**क्षेत्ररक्षण में भी कमाल**

फिल्डिंग में भी दक्षिण अफ्रीका ने कमाल दिखाया। एडन मारक्रम ने एक पारी में पांच कैच लेकर नया रिकॉर्ड बनाया। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ ग्रीम स्मिथ के नाम दर्ज थी।

### 25वें समर डेफलंपिक्स 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा

# प्रांजलि का कमाल, स्वर्णिम निशाना



- भारत की निशानेबाज का दूसरा गोल्ड
- फाइनल में यूक्रेन की मोसिना को हराया
- भारत की मेडल संख्या पहुँची 16

**टोक्यो, 24 नवंबर भारत की स्टार निशानेबाज प्रांजलि प्रशांत धूमल ने सोमवार को टोक्यो में आयोजित 25वें समर डेफलंपिक्स में 25 मीटर पिस्टल महिला वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। यह उनका टूर्नामेंट में दूसरा स्वर्ण और कुल तीसरा पदक है।**

फाइनल में उन्होंने 34 अंक हासिल कर यूक्रेन की हेलिना मोसिना को दो अंकों से पीछे छोड़ा। मोसिना को रजत पदक मिला, जबकि दक्षिण कोरिया की जिवोन जियोन ने 30 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। शूटआउट में उन्होंने भारत की अनुया प्रसाद को हराया, जो अंत में चौथे स्थान पर रहीं। प्रांजलि की जीत सिर्फ एक स्वर्ण पदक नहीं बल्कि भारतीय निशानेबाजी प्रदर्शन की निरंतर उन्नति का प्रमाण भी है। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में अपने साथी अभि?नव देशवाल के साथ गोल्ड जीता था। यही नहीं, देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे भारत के लिए यह डेफलंपिक्स शूटिंग अभियान और भी विशेष बन गया।

**लोमा स्वेन ने कराटे में भारत को दिलाया पहला पदक**

भारतीय कराटेका लोमा स्वेन ने यहां खेले जा रहे 25वें डेफलंपिक्स में महिलाओं की कुमाइट स्पर्धा में सोमवार को 50किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओडिशा की रहने वाली 25 साल की लोमा, जगतसिंहपुर जिले के भूतमुंडई गांव की रहने वाली हैं और अब तक तीन इंटरनेशनल और पांच नेशनल मेडल जीत चुकी हैं। वह भुवनेश्वर के उत्कल कराटे स्कूल में ट्रेनिंग लेती हैं। डेफलंपिक्स में कराटे में यह भारत का पहला मेडल है डेफलंपिक्स यहां 15-25 नवंबर, 2025 तक खेले जा रहे हैं.




## एक नजर में



### जू. महिला हॉकी टीम सैंटियागो रवाना

**बेंगलुरु.** ज्योति सिंह की अगुवाई में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एक से 13 दिसंबर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में भाग लेने के लिए यहां से रवाना हो गई। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार रात 20 सदस्यीय भारतीय टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, उसके बाद तीन दिसंबर को जर्मनी और पांच दिसंबर को आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी। हर पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण में जाएंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट की दूसरी टीमों में पूल ए में नीदरलैंड्स, जापान, चिली और मलेशिया हैं। पूल बी में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे और वेल्स हैं, जबकि पूल डी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन और ऑस्ट्रिया हैं। पूल ई में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा और स्कॉटलैंड शामिल होंगे तथा पूल एफ में अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड और उरुग्वे है।

### श्याम लाल कॉलेज ने जीता खिताब

**नयी दिल्ली.** दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने साई सेंटर, लखनऊ को कांटे की टक्कर में टाईब्रेकर तक चले फाइनल मुकाबले में 4-2 से पराजित कर चरखारी, महोबा में आयोजित 81वें ऑल इंडिया बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता के रूप में श्याम लाल कॉलेज की टीम को 50 हज़ार रुपए का ईनाम भी मिला। श्याम लाल कॉलेज की टीम ने इस वर्ष यह पांचवां खिताब जीता है। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रबि नारायण कर ने टीम को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। फाइनल मैच के निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। श्याम लाल कॉलेज के मोहम्मद कामिल को टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर और राहुल को बेस्ट डिफेंडर घोषित किया गया।

### एसडी प्रज्वल देव ने जीते दोहरे खिताब

**बेंगलुरु.** भारत के एसडी प्रज्वल देव ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल वर्ग के खिताब जीते। मैसूर के रहने वाले प्रज्वल देव ने 16-23 नवंबर तक भुवनेश्वर में हुए इस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में सातवें सीडेड दिग्विजय प्रताप सिंह को एक कड़े मुकाबले में 7-6(4), 7-6(1) से हराया, दोनों सेट का फैसला कड़े टाईब्रेक से हुआ। युगल वर्ग में, टॉप सीडेड प्रज्वल देव और सिद्धांत बंथिया की जोड़ी ने चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए माधविन कामथ और रोहन मेहरा की जोड़ी को 7-6(5), 6-2 से हराकर सीधे सेटों में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

### केएल राहुल वनडे सीरीज के लिए बने कप्तान

**गुवाहाटी.** वनडे में भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज, केएल राहुल को दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ आने वाली वनडे सीरीज के लिए स्टैंड-इन कप्तान बनाया गया है। रेगुलर कप्तान शुभमन गिल और उप-कप्तान श्रेयस अय्यर के चोटों के कारण सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं होने से, राहुल को तीन मैचों की सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया। तीन मैच रांची (30 नवंबर), रायपुर (3 दिसंबर) और विशाखापत्तनम (6 दिसंबर) में होंगे। तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और रुतुराज गायकवाड़ को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम में शामिल किया गया है, जबकि इस बार अक्षर पटेल और मोहम्मद सिराज नहीं हैं। लेकिन विकेटकीपर ऋषभ पंत की वनडे टीम में वापसी हुई है। पंत के टीम में शामिल होने के बावजूद ध्रुव जुरेल अपनी जगह बनाए रखेंगे।

### जीत और हार में सपोर्ट एक जैसा होना चाहिए

**नयी दिल्ली.** टोक्यो ओलंपिक 2020 की रजत पदक विजेता भारतीय महिला भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा कि जीत और हार को एक जैसा समर्थन मिलना चाहिए। फिक्की टर्फ 2025 ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह के साथ शामिल हुई मीराबाई चानू ने, ''भारत को अपने अगले ओलंपिक हीरोज के लिए क्या चाहिए' विषय को लेकर अगले ओलंपिक की तैयारी के लिए जरूरी व्यवस्था, सोच और समर्थन पर चर्चा के दौरान यह बात कही।मीराबाई ने कहा, 'जब मैंने टोक्यो ओलंपिक में रजत जीता था, तो हजारों लोग घर पर मेरा स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे थे। लेकिन एशियन गेम्स में मुकाबला करते समय चोट लगने के बाद, जब मैं पदक नहीं जीत सकी, तो मैं भारत पहुंची और हवाई अड्डे पर कोई नहीं था। अगर हम चाहते हैं कि हमारे अगले ओलंपिक हीरो सच में सफल हों, तो जीत और हार में समर्थन एक जैसा होना चाहिए। एथलीट तब बेहतर परफॉर्म करते हैं जब उन्हें पता होता है कि नतीजे चाहे जो भी हों, उनकी कद्र की जाती है और उन्हें सभी का सपोर्ट है।' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की सफलता पक्की करने के लिए अगली पीढ़ी को तैयार करने की अहमियत पर भी बल देते कहा, 'हमें भारत के लिए पदक लाने की चाह रखने वाले एथलीटों की अगली पीढ़ी पर ध्यान देना चाहिए।

# पीएम मोदी ने भारतीय ब्लाइंड महिला टीम को दी बधाई

## टीम ने टी-20 विश्व कप में नेपाल की टीम को हरा इतिहास रचा

**नयी दिल्ली, 24 नवंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला ब्लाइंड महिला टी-2 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।**



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर भारतीय टीम की कामयाबी की सराहना करते हुए पोस्ट में लिखा, 'कड़ी मेहनत, टीम प्रयास और पक्के इरादे का एक शानदार उदाहरण' बताते हुए कहा, 'हर खिलाड़ी एक चैंपियन है!' और भरोसा जताया कि टीम की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी टीम की इस ऐतिहासिक जीत की तारीफ करते हुए अपनी पोस्ट में कहा, 'भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक दिन। यह जीत खिलाड़ियों के 'देश के लिए सम्मान जीतने के इरादे और लगन' को दिखाती है। आपकी कामयाबी पर आज हमारा तिरंगा गर्व से और ऊंचा लहरा रहा है।

# भारत डेविस कप की करेगा मेजबानी

**लंदन, 24 नवंबर भारत फरवरी में डेविस कप 226 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा।**

- क्वालीफायर में नीदरलैंड्स

इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) ने रविवार को घोषणा करते हुए कहा कि भारत फरवरी में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। घरेलू मुकाबले के स्थानों के बारे में बाद में बताया जायेगा। पहले राउंड के टेनिस मुकाबले 6-7 या 7-8 फरवरी को खेले जाएंगे, जबकि दूसरे राउंड के मैच 18-19 या 19-20 सितंबर को होने हैं। भारत और नीदरलैंड्स क्वालिफायर में 27 टीमों में शामिल हैं, जिसमें से 13 विजेता टीमें, स्पेन के साथ, सितंबर के दूसरे राउंड में आगे बढ़ेंगी।



# गोवा में शुरू होगी लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग

**नयी दिल्ली, 24 नवंबर लीजेंड्स प्रो टी-2 लीग का पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी 226 तक गोवा में होगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी-बेस्ड टीमें और 9 लेजेंडरी खिलाड़ी शामिल**

| | |
|---|---|
| 90 | खिलाड़ी भाग लेंगे पहले एडिशन में |
| 26 | जनवरी 2026 से 4 फरवरी तक होगी स्पर्धा |

**होंगे, जो वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ा नया चैप्टर शुरू करेगा।**

खास बात यह है कि पूरा टूर्नामेंट एक ही जगह पर होस्ट किया जाएगा, वर्ना में नए बने 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में, जिससे फैंस किसी भी दूसरी लेजेंडरी लीग के उलट लगातार, फेस्टिवल जैसे क्रिकेटिंग कार्निवल का हिस्सा बन सकेंगे। टीम के नामों और टिकट की जानकारी के बारे में जल्द ही और घोषणाएं की जायेंगी।

LEGENDS PRO T20 LEAGUE

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि वह एक ऐसी लीग का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं जो इतने सारे टॉप खिलाड़ियों को एक साथ लाती है। क्लार्क ने कहा, 'भारत, क्रिकेट के सबसे बड़े देशों में से एक है, और मेरे लिए इसकी एक खास जगह है। फैंस का जुनून, गर्व और इस लीग का हिस्सा बनने का मौका, और कुछ पुराने दोस्तों के साथ-साथ कड़े दुश्मनों से फिर से मिलने का मौका, इसे सच में खास बनाता है। मैं इस नए रोल में लेजेंड्स प्रो टी20 लीग का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।



# कॉन्फ्रेंस फाइनल में मियामी

**वॉशिंगटन, 24 नवंबर लियोनेल मेसी ने एक गोल किया और तीन असिस्ट दिए, जिससे इंटर मियामी एफसी सिनसिनाटी को 4-े से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंच गया।**

- एफसी सिनसिनाटी को 4-0 से पराजित किया
- मेसी ने 1 गोल किया और 3 असिस्ट किए

मियामी का मुकाबला अगले वीकेंड न्यूयॉर्क सिटी से होगा, जिसमें जीतने वाली टीम एमएलएस कप के डिसाइडर में जगह बनाएगी। मेसी के अब इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 46 गेम में सभी कॉम्पिटिशन में 43 गोल और 23 असिस्ट हो गए हैं। खिलाड़ियों ने ज़बरदस्त कैरेक्टर दिखाया और लगभग परफेक्ट मैच खेला।' मेटियो सिल्वेटी के बाईं ओर से क्रॉस पर मेसी ने पास से हेडर मारकर फ्लोरिडा की टीम को आगे कर दिया।

वर्ल्ड कप चैंपियन और आठ बार के बैलन डी'ओर विनर मेसी ने फिर सिल्वेटी को पास देकर एहसान चुकाया, जिन्होंने अपना शरीर खोला और साइड-फुट से पहला शॉट दूर कोने में मारा।

मेसी के थ्रू बॉल के बाद काउंटरअटैक पर एक क्लिनिकल फिनिश के साथ तादेओ अलेंदे ने घंटे भर बाद स्कोर 3-0 कर दिया। अलेंदे, जो सेल्टा विगो से लोन पर हैं, ने 74वें मिनट में फिर से मेसी के साथ मिलकर एक चैलेंज को टाला और गोलकीपर रोमन सेलेन्टानो को छकाते हुए एक लो शॉट मारा।सिनसिनाटी के पास टारगेट पर पांच शॉट थे, लेकिन हाफटाइम के बाद इंटर मियामी ने अथॉरिटी के साथ जीत हासिल की, जिससे उन्हें कोई खतरा नहीं हुआ।

# कीवी टीम में केन विलियमसन

## वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में उतरेंगे!



**वेलिंगटन,24 नवम्बर** केन विलियमसन वेस्ट इंडीज के ख़िलाफ पहले टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में वापस आ गए हैं, जबकि पेस तिकड़ी जैकब ड़फ़ी, जकारी फ़ाउल्केस और ब्लेयर टिकनर को पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

टीम में डेरिल मिशेल भी शामिल हैं जो वेस्ट इंडीज के ख़िलाफ़ पहले वनडे में लगी मामूली कमर की चोट से उबर चुके हैं।

**टीम**

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, ज़ैक फाउल्केस, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, केन विलियमसन, विल यंग.

विलियमसन ने इस साल जुलाई की शुरुआत में ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर रहने का फ़ैसला किया था, और पिछले साल दिसंबर से न्यूज़ीलैंड के लिए कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।

### शेन वॉर्न के कॅरियर और विरासत का जश्न मनाएगी प्रदर्शनी

**मेलबर्न, 24 नवंबर** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में ऑस्ट्रेलियन स्पोर्ट्स म्यूज़ियम में एक ऐसी प्रदर्शनी लगाई जा रही है जो ज़िंदगी में एक बार होती है। यह प्रदर्शनी ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट आइकन शेन वॉर्न के करियर और विरासत का जश्न मनाएगी। मंगलवार 16 दिसंबर को ऑस्ट्रेलियन स्पोर्ट्स म्यूज़ियम में शुरू हो रही 'वॉर्न: एक लेजेंड का खजाना' में वॉर्न की 48 सबसे कीमती पर्सनल चीज़ें और करियर की यादगार चीज़ें दिखाई जाएंगी।

**पोलो** पद्मनाभ सिंह और वॉटसन का उत्कृष्ट खेल, सीज़न में जयपुर ने चौथी ट्रॉफी जीती

# जयपुर पोलो टीम का कश्मीर चैलेंज पर कब्जा

**जयपुर, 24 नवंबर राजस्थान पोलो क्लब के मैदान पर रविवार को इतिहास रचते हुए जयपुर पोलो टीम ने कश्मीर चैलेंज कप अपने नाम कर लिया।**

**कनोटा पोलो को 9-5 से किया पराजित**



अपने कप्तान महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह की अगुवाई में जयपुर टीम ने अनुभव, रणनीति और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए कनोटा पोलो को 9-5 से मात दी। यह मुकाबला केवल एक फाइनल नहीं था, बल्कि दो उत्कृष्ट टीमों के बीच रणनीति, घोड़ों की समझ, गति और नज़ाकत का प्रदर्शन था। पूरे मैच में दर्शकों को राजसी खेल का वही पारंपरिक अंदाज़ देखने को मिला, जिसके लिए पोलो दुनिया भर में जाना जाता है। जयपुर के लिए मैच की शुरुआत से ही सब कुछ योजना के अनुसार चलता रहा।

दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी खिलाड़ी और इस सीज़न में शानदार फॉर्म में चल रहे लांस वॉटसन ने पहले ही चक्कर में 1:25 और 6:35 पर गोल करते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बना दिया। ये शुरुआती गोल जयपुर के इरादों और आत्मविश्वास को साफ़ तौर पर दर्शाते थे, जबकि कनोटा टीम पहले चक्कर में तालमेल और लय हासिल नहीं कर सकी। दूसरे चक्कर में भी जयपुर ने अपना शिकंजा ढीला नहीं होने दिया। इस बार भी वॉटसन ने 3:35 पर गोल करते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। खेल का रफ्तार तेज़ था, घोड़ों की गति, खिलाड़ियों की कमांड और पूरी टीम की योजना देखने लायक थी। मगर फिर कनोटा पोलो ने वापसी की कोशिश शुरू की। अशोक चांदना ने 4:00 पर पहला गोल किया और उसके बाद डिनो धनखड़ ने 6:40 पर दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-2 तक ला दिया। पहले हाफ के बाद मुकाबला अब बराबरी की टक्कर जैसा लगने लगा था, और दर्शकों में भी रोमांच चरम पर था। तीसरे चक्कर को इस मैच का टर्निंग पॉइंट कहा जा सकता है। जयपुर की ओर से कप्तान महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने मैदान में उतरते ही अपना प्रभाव दिखाया।